दिन– शनिवार                                                            दिनांक– 10/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                            अवधिः– 15 मिनट

---

01. संसद का बजट सत्र अट्ठाईस जनवरी से होगा शुरू। दो चरणों में दो अप्रैल तक होगा सत्र का संचालन।

02. प्रदेश के किसानों को कृषि ऋण पर एक प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जायेगा। कृषि विभाग और नाबार्ड के बीच हुआ समझौता।

03. राज्य सरकार ने केन्द्र से धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य बढ़ाने की मांग की।

04. और, सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में। मौसम विभाग ने आज राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में शीत दिवस की चेतावनी जारी की।

---

संसद का बजट सत्र इस महीने की अट्ठाईस तारीख़ से शुरू होकर दो अप्रैल तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि सत्र का पहला चरण तेरह फरवरी को समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि दूसरा चरण नौ मार्च को शुरू होगा। श्री रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों का सत्र बुलाने की मंजूरी दे दी है।

---

विकसित भारत युवा नेता संवाद –दो हजार छब्बीस का दूसरा संस्करण नई दिल्ली में शुरू हो गया है। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन आज राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल करेंगे। खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की बारह तारीख को समापन समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री देश के युवा नेताओं से संवाद करेंगे। श्री मांडविया ने कहा कि चार दिवसीय इस कार्यक्रम में देश और विदेश से ढ़ाई हजार से अधिक युवा भाग ले रहे हैं। युवा संवाद में बिहार के भी उनहत्तर प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं।

---

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रसार भारती के वेव्स प्लेटफॉर्म को वैश्विक स्तर पर व्यापक सराहना मिली है और इससे पांच हजार करोड़ रुपये का अंतरराष्ट्रीय व्यापार हुआ है। कंटेंट क्रिएटर्स को सशक्त बनाने के लिए डीडी न्यूज़ पर नए प्लेटफॉर्म 'क्रिएटर्स कॉर्नर' का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि इस नई पहल का उद्देश्य रचनात्मक सामग्री को प्रदर्शित करना और इसे बढ़ावा देना है। श्री

वैष्णव ने कहा कि सरकार ने एक करोड़ युवाओं को रचनाकार अर्थव्यवस्था से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

---बाईट---

एक तरीके से ये नया एम्पलॉयमेंट की अपॉर्च्युनिटी बनेगी। एक करोड़ एम्पलॉयमेंट क्रिएटर के माध्यम से आज देश में पैदा हो सकता है इतना पोटेंशियल इस सेक्टर का है। इसीलिए प्रधानमंत्री जी ने वेव्स का लास्ट ईयर प्लेटफार्म क्रिएट किया, जिसमें ग्लोबली एवरीबडी हैस अप्रिशिएटिड आर परफॉर्मेंस एंड आर कॉन्सेप्ट टुडे वी आर एबल टू गिव ए न्यू मार्केट टू आर क्रिएटर।

---

गुजराज के सोमनाथ मंदिर पर हुये आक्रमण के एक हजार वर्ष पूरा होने पर आज देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से तीन दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सहित कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस अवसर पर देश के सभी शिवालयों में दीपोत्सव और ओंकार जप का आयोजन किया गया है। इधर, पटना समेत राज्य के सभी शिवालयों में जलाभिषेक किया जा रहा है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रंणवीर नंदन ने बताया कि बारह ज्योतिर्लिंगों में एक सोमनाथ की परम्परा का एक पवित्र अंश मधुबनी जिले के सौराट में स्थित सोमनाथ महादेव मंदिर में भी है। उन्होंने प्रदेश के सभी मठ, मंदिरों के प्रबंधकों से इस आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

---

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने केन्द्र सरकार से धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य बढ़ाने की मांग की है। पटना में विभागीय मंत्री ने केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निबुबेन जयंतीभाई बांभणिया को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से वर्तमान में धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य छत्तीस लाख पचासी हजार मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है, जो पिछली फसल की तुलना में काफी कम है। विभागीय मंत्री ने केन्द्र सरकार से अनुदान मद में लम्बित छह हजार तीन सौ सत्तर करोड़ रूपये की राशि शीघ्र जारी करने का भी आग्रह किया है।

---

राज्य के किसानों को कृषि ऋण पर एक प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जायेगा। वर्तमान में किसानों को तीन प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण दिया जा रहा है। पटना स्थित कृषि भवन में इस संबंध में कृषि विभाग और नाबार्ड के बीच समझौता हुआ है। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव और नाबार्ड के मुख्य महा प्रबंधक गौतम कुमार के बीच अनुदान समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस से यह व्यवस्था लागू होगी। इसके अन्तर्गत प्रदेश के किसानों को तीन लाख रूपये तक

कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड और अल्पावधि कृषि उत्पादन ऋण पर एक प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान का प्रावधान किया गया है।

---

इधर, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि सरकार पान उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री यादव ने कहा कि जल्द ही पान आयोग का गठन किया जाएगा, जिससे पान उत्पादक किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध हो सकेगा। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है।

———बाइट———

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव के साथ यह पूरी बातचीत आकाशवाणी, पटना के साप्ताहिक कार्यक्रम सामयिक चर्चा में आज रात सात बजकर बावन मिनट से सुनी जा सकती है।

---

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के बाईस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नालंदा के नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा को मुख्यमंत्री सचिवालय में संयुक्त सचिव बनाया गया है। वहीं, शुभम कुमार नालंदा के उपविकास आयुक्त बनाए गए हैं। अधिसूचना के अनुसार नौ जिलों में नये उपविकास आयुक्त की तैनाती की गई है, जबकि सात नगर निगम में नये नगर आयुक्त की पदस्थापना की गयी है।

इधर, राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के इकहत्तर अधिकारियों का भी तबादला कर दिया है। कुंदन कृष्णन को विशेष कार्यबल का महानिदेशक बनाया गया है। वहीं, आर. मल्लार वीजी को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है।

---

राज्य सरकार छोटी नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए व्यापक अभियान चलायेगी। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि नदियों को बचाना बेहद आवश्यक है। इसके लिए नदियों की समस्याओं की पहचान कर अलग कार्य योजना बनायी जायेगी। इसके अन्तर्गत जल संकट, गाद की समस्या, प्रदूषण और नदियों में संरचनाओं का निर्माण शामिल हैं।

---

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि पुलिस की वर्दी में अपराध करने वाले अधिकारियों और कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि दोषी पाये जाने पर उन्हें सेवा से पन्द्रह दिनों के अन्दर बर्खास्त किया जायेगा। पटना में पुलिस मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों से समझौता नहीं किया जायेगा। पिछले दिनों गयाजी, मोतीहारी, वैशाली और छपरा में पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के स्तर से सामने आई अपराधिक वारदाताओं के खिलाफ पुलिस महानिदेशक ने नाराजगी व्यक्त करते हुये शीघ्र विभागी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। पुलिस महानिदेशक ने भूमि विवाद को लेकर हर शनिवार को अंचलों में होने वाली बैठक में संबंधित थानेदारों को अनिवार्य रूप से शामिल होने का निर्देश दिया।

---

गूगल ने राज्य के युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई का प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया है। पटना में उद्योग वार्ता में गूगल इंडिया के प्रतिनिधि की ओर से एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया। इसके अन्तर्गत अगले छह महीनों में लगभग दस हजार युवाओं को एआई का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस मौके पर राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि एआई को हर स्तर पर लागू करना सरकार की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और बिहार को भी सुदृढ़ एआई इकोसिस्टम से विकसित करना है।

---

प्रदेश में शहरी निकायों में सुनियोजित विकास के लिए आयोजना क्षेत्र प्राधिकार का पुनर्गठन किया गया है। नगर विकास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी करते हुये कहा कि सरकार का लक्ष्य शहरों में सुविधाओं को बढ़ाना है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अभी तैंतालीस शहरों के प्लानिंग एरिया का गठन किया जा चुका है। प्राधिकरण गठन के बाद राज्य के सैंतीस जिला आयोजना क्षेत्र का पुनर्गठन किया गया है। मास्टर प्लान के तहत शहर के आस–पास के इलाकों को भी इसमें शामिल किया गया है।

---

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज से

न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि इसके बाद एक बार फिर तापमान में गिरावट आने की संभावना है। वहीं, आज राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में शीत दिवस की चेतावनी जारी की गई है।

–––बाइट–––

---

खगड़िया समाहरणालय परिसर में लोगों के हंगामा करने के मामले में आठ पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है। पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि तीन थानाध्यक्षों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में बयासी लोगों को नामजद किया गया है। वहीं, अब तक चौदह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

---

मोतिहारी में आयोजित बतीसवीं बिहार राज्य जूनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में मेजबान पूर्वी चम्पारण ने बालक वर्ग में वैशाली को पराजित किया है। वहीं, बालिका वर्ग में बेगूसराय ने समस्तीपुर को हराया।

इधर, पटना में जूनियर नेशनल कुराश प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इस चैंपियनशिप में बाईस राज्यों के आठ सौ से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में लालू परिवार पर आरोप तय। दिल्ली की अदालत ने कहा– आपराधिक सिंडिकेट की तरह लालू परिवार ने किया घोटाला।

दैनिक जागरण लिखता है– मुख्य सचिव का निर्देश– सोमवार और शुक्रवार को हर हाल में उपस्थित रहें अधिकारी।

दैनिक भास्कर ने प्रशासनिक फेर–बदल की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– सात आईएएस नगर आयुक्त बने। कुंदन कृष्णन डीजी ऑपरेशन और सुनील एडीजी मुख्यालय।

प्रभात खबर ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– एआई से मजबूत करेंगे राज्य की साईबर सिक्यूरिटी।

आज अखबार का शीर्षक है– सूबे में शिक्षकों को सेवा निवृति के दिन ही होगा सेवांत लाभ का भुगतान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. संसद का बजट सत्र अट्‌ठाईस जनवरी से होगा शुरू। दो चरणों में दो अप्रैल तक होगा सत्र का संचालन।

02. प्रदेश के किसानों को कृषि ऋण पर एक प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जायेगा। कृषि विभाग और नाबार्ड के बीच हुआ समझौता।

03. राज्य सरकार ने केन्द्र से धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य बढ़ाने की मांग की।

04. और, सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में। मौसम विभाग ने आज राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में शीत दिवस की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।